## खबर संक्षेप

### कोल इंडिया पेंशनर्स की बैठक स्थगित

**छिन्दवाड़ाः-** कोल इंडिया सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ समिति शाखा छिन्दवाड़ा के सचिव आर.के. मिश्रा ने बताया कि संघ की दिनांक 03.03.26 दिन मंगलवार को होने जा रही मासिक बैठक जो कि पेंशनर्स सदन ,शुक्ला ग्राउण्ड के पास छिन्दवाड़ा में समय दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई थी, अपरिहार्य कारणों से स्थगित की जाती है। आगामी बैठक की सूचना बाद में दी जायेगी ।

### हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी के लिए बैठक का आयोजन

**छिंदवाड़ा।** श्री केसरी नंदन हनुमान मंदिर में आगामी हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियों हेतु मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों के द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव भव्य रूप से मनाने हेतु मंदिर परिसर में बैठक का आयोजन किया गया मंदिर ट्रस्ट के मुख्य पुजारी अनिल मालवी एवं आंतरिक अध्यक्ष ईशान मेद ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 45 क्विंटल से अधिक का महा विशाल भंडारा मंदिर में किया जाता है जो कि इस वर्ष भी किया जाएगा इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा बैठक में निर्णय लिया गया की मंदिर में सात दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें सुंदरकाण्ड अखंड रामायण पाठ भजन कीर्तन हवन पूजन एवं महाअभिषेक किया जायेगा जिसको लेकर समिति द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है ।

### कमलनाथ व नकुलनाथ का युवाओं ने थामा हाथ

**छिन्दवाड़ाः-** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के विकास कार्यों व रीति-नीति से प्रभावित होकर कांग्रेस के दक्षिण उप ब्लॉक के सैकड़ों युवाओं ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने सदस्यता ग्रहण करते हुए नेताद्वय की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया साथ ही सतत रूप से जनहित में कार्य करने की शपथ ली। जिला कांग्रेस कमेटी छिंदवाड़ा अंतर्गत दक्षिण उपब्लॉक के वार्ड क्रमांक 22 की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे ने सर्वप्रथम संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि बूथ कमेटी के गठन एवं संगठन की मजबूती आवश्यक है। इसीलिये जमीनी स्तर पर सतत रूप से जन-जन को जोड़ने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज जिले की स्थिति यह है कि किसान, युवा व मजदूर सभी परेशान व त्रस्त है।

## पांच साल तक लूट, 10.30 लाख उड़ाए, तीन अफसरों पर एफआईआर

# जिला सहकारी बैंक में ऑडिट और निगरानी तंत्र सवालों के घेरे में, ईओडब्ल्यू ने की कार्यवाही

**छिंदवाड़ा सहकारी बैंक में घोटाला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित छिंदवाड़ा में वर्षों से दबा हुआ एक बड़ा आर्थिक घोटाला आखिरकार सामने आ गया है। बैंक की ही जिम्मेदार कुर्सियों पर बैठे कर्मचारियों और अधिकारियों ने मिलकर बैंक की धरोहर राशि को योजनाबद्ध तरीके से अपने निजी खातों में डाल दिया। यह गबन कोई एक-दो दिन का नहीं, बल्कि पूरे पांच साल तक लगातार चलता रहा और किसी को भनक तक नहीं लगी।मामला तब उजागर हुआ जब वर्ष 2022 में बैंक के लेखा कक्ष में लाखों रुपये के गबन की शिकायत आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, जबलपुर को मिली। शिकायत की गहन जांच में जो तथ्य सामने आए, उन्होंने बैंकिंग सिस्टम की निगरानी व्यवस्था की पोल खोल दी।जांच में पाया गया कि बैंक में पदस्थ लिपिक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर अभिषेक जैन ने बैंक के आंतरिक खाते से NEFT के माध्यम से 10.30 लाख रुपये अवैध रूप से अपने निजी खातों में ट्रांसफर कर लिए। यह रकम ICICI बैंक, स्टेट बैंक और जिला सहकारी बैंक के कुल चार अलग-अलग खातों में भेजी गई। वर्ष 2015 से 2020 के बीच 19 अलग-अलग ट्रांजेक्शन कर यह गबन अंजाम दिया गया। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इस पूरे खेल में वह अकेला नहीं था।

सहायक प्रबंधक अभय कुमार जैन और लेखा शाखा प्रभारी नीरज जैन ने जानबूझकर अपनी चेकर ID अभिषेक जैन को उपलब्ध कराई। बैंक के दिशा-निर्देशों की खुलेआम अनदेखी करते हुए दोनों अधिकारियों ने न सिर्फ लापरवाही बरती, बल्कि आपराधिक षड्यंत्र में सक्रिय भूमिका निभाई।घटना सामने आने के बाद बैंक द्वारा कराई गई विभागीय जांच में भी तीनों को दोषी पाया गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 409, 120-बी IPC एवं धारा 7(सी) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया।

इस घोटाले ने सहकारी बैंकिंग व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब बड़ा सवाल यह है — क्या सिर्फ ये तीन ही दोषी हैं, या पर्दे के पीछे और भी चेहरे हैं? जांच जारी है, और जवाब का इंतज़ार पूरे जिले को है।

# अवैध उत्खनन नहीं बल्कि संरक्षण में पनपता कोल माफिया पर कलेक्टर ने दिखाई सख्ती, दिए जांच के निर्देश

## करोड़ों का कोयला लुटाने में खनन विभाग, वनविभाग, राजस्व अमला सब सवालों के कटघरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा



दमुआ से लगे तानसी क्षेत्र के दूधपानी इलाके में कोल माफिया की गतिविधियों ने प्रशासनिक तंत्र की गंभीर लापरवाही को उजागर कर दिया है। जानकारी के मुताबिक यहां लगातार करीब 20 दिनों तक अवैध कोयला खनन होता रहा। वन विभाग, राजस्व अमला और स्थानीय प्रशासन को इसकी जानकारी होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

सूत्रों के अनुसार राजस्व अमला मौके पर पहुंचा जरूर, लेकिन कार्रवाई से बचता रहा। वन विभाग की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। हालात तब बदले जब मामला सीधे जिला कलेक्टर हरेंद्र नारायण तक पहुंचा। कलेक्टर की सख्त फटकार के बाद देर शाम वन विभाग और राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और खनन में इस्तेमाल हो रही मशीनों व उपकरणों को जब्त किया गया।

**मौके की स्थितिः** डर, निगरानी और सन्नाटाराज एक्सप्रेस की टीम जब दोपहर में दूधपानी पहुंची तो हालात बेहद संदिग्ध नजर आए। टीम का कुछ युवकों द्वारा पीछा किया गया। गांव के लोग खुलकर बोलने से कतरा रहे थे। बाद में जानकारी मिली कि पीछा करने वाले युवक उसी कंपनी से जुड़े हैं, जो डैम निर्माण के नाम पर कोयला खुदाई का दावा कर रही है।

**हर रात ट्रकों में भरकर कोयला** स्थानीय सूत्रों का दावा है कि हर रात 10 से 12 ट्रक कोयला यहां से निकाला जा रहा था। एक ट्रक की कीमत 2 से 3 लाख रुपये बताई जा रही है। इस हिसाब से अब तक करोड़ों रुपये का कोयला निकाला जा चुका है।सबसे गंभीर बात यह है कि जिस टेंडर का हवाला देकर खनन किया जा रहा है, ऐसा कोई टेंडर जारी ही नहीं हुआ।

### कोल माफिया बने विधायक सुनील उईके : शिवम

अपनी करतूतों की वजह से चर्चा में बने रहने वाले जुन्नारदेव विधायक श्री सुनील उईके का एक और काला कारनामा सामने आया है। कोल माफिया को संरक्षण देते देते अब खुद विधायक ने ही इस कोयले के इस काले कारोबार की बागडोर संभाल ली है। यह बात भाजपा के दमुआ ग्रामीण के मंडल अध्यक्ष शिवम साहू ने कही है। मंडल अध्यक्ष शिवम साहू ने कहा कि पिछले काफी दिनों से रामपुर तानसी के बारू ढाना, दूधपानी सहित आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर कोयले का अवैध उत्खनन किया जा रहा है। कोयले का अवैध उत्खनन को लेकर ग्रामीण जनों द्वारा विरोध किए जाने पर कोयला माफिया के गुंडे उन्हें धमकी देते हैं और मारपीट करते हैं। स्थानीय विधायक की शह पर अवैध कोयला उत्खनन करने वालों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे ग्रामीणों को डराते धमकाते हुए पूरी गुंडागर्दी से इस कृत्य में संलिप्त हैं। कोयला माफिया सीधे ग्रामीणों को धमकी देते हैं कि यह काम विधायक के कहने से किया जा रहा है, हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवम साहू ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा जब उन्हें अवैध उत्खनन और कोयला माफिया द्वारा धमकाए जाने की जानकारी दी गई तो उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों से मामले की जांच कर कार्रवाई करने को कहा, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई, बल्कि कुछ अधिकारियों ने उन्हें डरते डरते यह बताया कि इस अवैध उत्खनन के पीछे क्षेत्रीय विधायक का हाथ है, इसलिए वे कोई भी कार्रवाई करने से मजबूर हैं, जब मौखिक रूप से कि गई शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो मंडल अध्यक्ष द्वारा 23 फरवरी को विधिवत लिखित में प्रशासन को शिकायत कर अवैध कोयला उत्खनन करने वाले कोयला माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने सुकरी की पानी टंकी पर टैंकर सप्लाई का किया निरीक्षण



**जुन्नारदेव।** नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के विभिन्न 18 वार्डों में पेयजल सप्लाई नलों के माध्यम से की जाती है। नगर में होने वाली पानी की सप्लाई पेंच नदी में उपलब्ध पानी से होती थी। गर्मी के चलते पेंच नदी का पानी सूख जाने से नगर पालिका द्वारा निविदा के आधार पर पानी के टैंकर बुलाकर उसे स्टोर किया जाता है। इस स्टोर किए हुए पानी से नगर में सप्लाई दी जाती है। टैंकरों की सप्लाई का निरीक्षण करने नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे स्वयं पहुंचे। उन्होंने सुकरी पानी टंकी में आने वाले समस्त पानी के टैंकरों की स्टॉक पंजी से मिलान किया। और संबंधित कर्मचारियों को हिदायत दिया।

## डॉ. अभिन्नव श्रीवास्तव ने पीएचडी कर बढ़ाया क्षेत्र का गौरव

**उमरानाला :-** उमरानाला क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है , कि यहां पदस्थ शिक्षक डॉ. अभिन्नव श्रीवास्तव ने एमीटी यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ से बायोटेक्नोलॉजी विषय में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (**PhD**) की उपाधि प्राप्त की है । वर्तमान में वे स्कूल शिक्षा विभाग उमरनाला में पदस्थ हैं और शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय योगदान दे रहे हैं ।डॉ. श्रीवास्तव ने अपनी शोध औषधीय पौधों का उपयोग करके लौह नैनोकणों (**Fe-NPs**) का संश्लेषण और जीवाणुरोधी , एंटीऑक्सीडेंट और साइटोटॉक्सिसिटी गतिविधियों का मूल्यांकन विषय पर पूर्ण की । उनका यह शोध औषधीय पौधों की सहायता से आयरन नैनोपार्टिकल्स के निर्माण एवं उनके एंटीबैक्टीरियल, एंटीऑक्सीडेंट और साइटोटॉक्सिसिटी गुणों के वैज्ञानिक विश्लेषण पर आधारित है । यह शोध चिकित्सा एवं जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान माना जा रहा है।विश्वविद्यालय द्वारा 27 फरवरी 2026 को आयोजित समारोह में उन्हें यह उपाधि प्रदान की गई । उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार और सहकर्मियों में हर्ष का माहौल है, बल्कि पूरे उमरनाला क्षेत्र में भी गर्व की अनुभूति है।सहकर्मियों एवं शुभचिंतकों ने डॉ. श्रीवास्तव को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। शिक्षा विभाग में पदस्थ रहते हुए शोध कार्य पूर्ण करना उनकी लगन, मेहनत और समर्पण का प्रतीक है।डॉ. अभिन्नव श्रीवास्तव की यह सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी और उन्हें उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगी ।



## एएसआई हरि सिंह ठाकुर को सेवानिवृत्त दी विदाई

**परासिया।** थाना रावनवाड़ा (शिवपुरी) में पदस्थ एएसआई हरि सिंह ठाकुर 28 फरवरी को शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। उनके सम्मान में थाना परिसर में सादगीपूर्ण किन्तु गरिमामय विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में थाना स्टाफ के साथ क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, पत्रकार एवं



बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने पुष्पमाला पहनाकर एवं शॉल-श्रीफल भेंट कर उनका आत्मीय सम्मान किया। वक्ताओं ने कहा कि अल्प समय के कार्यकाल में भी उन्होंने अपनी निष्पक्ष कार्यशैली, सहज व्यवहार और कर्तव्यनिष्ठा से आमजन के बीच विश्वास कायम किया। समारोह के दौरान एएसआई ठाकुर ने अपने सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए कहा कि पुलिस सेवा उनके लिए केवल नौकरी नहीं बल्कि जनसेवा का माध्यम रही। उन्होंने सहयोग के लिए वरिष्ठ अधिकारियों, सहकर्मियों एवं क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। थाना प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह राजपूत ने कहा कि हरि सिंह ठाकुर का अनुभव और अनुशासन थाना परिवार के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने उनके स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना की। भावुक माहौल में संपन्न हुए समारोह के अंत में सभी ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी। उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गईं और सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# जालसाजी के दाग और सरकारी जमीन पर 'दावा' फ्लावर वेल प्रबंधन की दबंगई या विकास पर प्रहार?

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

नगर परिषद चांदामेटा बुटारिया के वार्ड क्रमांक 3 में प्रस्तावित 'चौपाटी निर्माण' अब एक बड़े कानूनी और प्रशासनिक विवाद का केंद्र बन गया है। एक ओर नगर परिषद इस परियोजना के माध्यम से शहर की सूरत बदलने और युवाओं को रोजगार देने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है, तो दूसरी ओर फ्लावर वेल स्कूल (लायंस क्लब संस्था) प्रबंधन विकास की राह में रोड़ा बनकर खड़ा हो गया है।

### दागी चेहरों का 'अड़ंगा' और कोर्ट के चक्कर

हैरानी की बात यह है कि जो संस्था आज शासन की भूमि पर अपना हक जता रही है, उसी लायंस क्लब संस्था (जो अस्पताल और स्कूल संचालित कर रही है) के सात पदाधिकारियों के विरुद्ध थाना परासिया में धारा 420, 409 और 34 जैसे गंभीर आपराधिक मामलों के तहत एफ.आई.आर. दर्ज है। मध्य प्रदेश शासन से गबन और धोखाधड़ी का यह मामला वर्तमान में माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में विचाराधीन है। शहर में चर्चा है कि जिन पर खुद जालसाजी के आरोप हैं, वे अब शासकीय संपत्तियों को निजी बताकर विकास कार्य रुकवाने का दुस्साहस कर रहे हैं।

### अभिलेखों में शून्य, दावों में 'दबंगई'

नगर परिषद अध्यक्ष गोविंद बजोलिया और पार्षदों ने एसडीएम शुभम कुमार यादव को सौंपे पत्र में स्पष्ट किया कि संबंधित भूमि शासकीय अभिलेखों में शासन की दर्ज है। परिषद का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन से जब वैध दस्तावेज मांगे गए, तो वे एक भी कागज पेश नहीं कर सके। इसके बावजूद, वे जबरन निर्माण कार्य रोकने का प्रयास कर रहे हैं।


### अभिलेखों में शून्य, दावों में 'दबंगई'

नगर परिषद अध्यक्ष गोविंद बजोलिया और पार्षदों ने एसडीएम शुभम कुमार यादव को सौंपे पत्र में स्पष्ट किया कि संबंधित भूमि शासकीय अभिलेखों में शासन की दर्ज है। परिषद का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन से जब वैध दस्तावेज मांगे गए, तो वे एक भी कागज पेश नहीं कर सके। इसके बावजूद, वे जबरन निर्माण कार्य रोकने का प्रयास कर रहे हैं।


### जांच के दायरे में स्कूल की समस्त भूमिजन

प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि दागी पदाधिकारियों द्वारा संचालित इस संस्था की समस्त जमीनों की बारीकी से जांच की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिक्षा और सेवा की आड़ में सरकारी जमीन पर कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। **प्रशासन का रुखः** एसडीएम ने जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया है कि शहर के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार का अवरोध बर्दाश्त नहीं होगा और जल्द ही वैधानिक कार्रवाई कर समाधान निकाला जाएगा।

### लकड़ी के स्थान पर करें कंडे या गौकाष्ठ का उपयोग : बंटी विवेक साहू

**छिंदवाड़ा।** आमजनों को पर्यावरण सरंक्षण के साथ ही सामाजिक संदेश देते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे होलिका दहन के लिए लकड़ियों के स्थान पर कंडों या गौकाष्ठ का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा इस वर्ष पर्यावरण सरंक्षण को ध्यान में रखते हुए होली का पावन पर्व मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत गौशालाओं और ग्रामीण क्षेत्रों के सहयोग से पर्याप्त मात्रा में कंडे और गौकाष्ठ बाजार में उपलब्ध कराए गए है। सांसद बंटी विवेक साहू ने जिलेवासियों को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि यह होली पर्व आपके सभी दुखों को दूर करे और आपके जीवन को खुशियां और आशाओं के रंगों से भर दे। रंगों के त्यौहार होली पर आपको प्रेम का लाल रंग, समृध्दि का हरा रंग, शांति का नीला रंग और आनंद का पीला रंग मिले। उन्होंने कहा कि होली भारत का एक ऐसा त्यौहार है।

## समय सीमा में निर्माण कार्य करने के बावजूद भी नहीं हुआ बिलों का भुगतान




हरिभूमि न्यूज ⏭ दमुआ

न.पा. दमुआ के निकाय वार्ड एरिया क्षेत्र के अन्तर्गत सडको का निर्माण कार्य अधिकांश वार्डो में चल रहा है जिसमें सी.सी. सडक एवं डामरीकरण सडक का निर्माण कार्य बी.जी. कन्स्ट्रक्शन छिन्दवाडा के द्वारा किया जा रहा है परन्तु सडको का निर्माण कार्य समय सीमा में करने के बावजूद भी बिल फाईल सही समय पर नही चलाई जा रही है एवं बिल राशि भुगतान करने में लापरवाही बरती जा रहा है बिल भुगतान करने के लिए न.पा. दमुआ के संबंधित लेखा विभाग उपयंत्री सी.एम.ओ. सहित न.पा. अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद आदि के द्वारा कमीशन बाजी के चक्कर मे बिल भुगतान करने मे अनावश्यक विलम्ब किया जा रहा है जिससे ऐसा लगता है कि न.पा.प दमुआ में कमीशन का बडा खेल चल रहा है ऐसा भी ज्ञात हुआ है कि बिना लेन देन के भुगतान नही किया जाता है।

## विधायक विजय चौरे ने किया वाचनालय का लोकार्पण विकास कार्यों का भूमिपूजन



**सौंसर।** विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के संकल्प के साथ रविवार को ग्राम निमनी कढ़ैया में विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी गई। क्षेत्र के विधायक विजय चौरे ने वाचनालय का लोकार्पण करने के साथ-साथ रंगमंच और जल संवर्धन कार्यों का विधि-विधान से भूमिपूजन किया।ग्राम निमनी के बौद्धिक और शैक्षणिक विकास को गति देने के उद्देश्य से, जिले के पूर्व सांसद नकुल नाथ जी द्वारा सांसद निधि से 3 लाख रुपये की लागत से निर्मित भव्य वाचनालय का लोकार्पण किया गया। विधायक विजय चौरे ने रिबन काटकर इसे जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा और ज्ञान के प्रसार के लिए वाचनालय एक महत्वपूर्ण केंद्र साबित होगा।ग्रामवासियों की सांस्कृतिक और बुनियादी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विधायक निधि और जिला पंचायत निधि से नए कार्यों की शुरुआत की गई.ग्राम निमनी व कढ़ैया में विधायक विजय चौरे की विधायक निधि से 3 लाख रुपये की लागत से वार्ड नंबर 07 और इंदिरा आवास परिसर (कढ़ैया) में रंगमंच का निर्माण किया जाएगा। जिला पंचायत सदस्या श्रीमती नीलिमा पाटील द्वारा जिला पंचायत निधि से स्वीकृत 2 लाख रुपये की लागत से कुआं गहरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया गया, जिससे क्षेत्र में जल स्तर सुधारने में मदद मिलेगी।गरिमामयी उपस्थितिइस विकास उत्सव के दौरान विधायक विजय चौरे, डॉ. राजेन्द्र येमदे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती नीलिमा पाटिल, जनपद सदस्य मारोती कारोकार, सरपंच श्रीमती वर्षा विश्राम भोयर, दिलीप गुर्वे, विनायक गुर्वे, अमरिश जयस्वाल, राजा बोडे, राजा कलसकर, विश्राम भोयर, अनुभव रुंधे, शिवकांत गोहने, रमेश वाघ, रामकृष्ण जुनघरे और समस्त ग्रामीणजन शामिल हुए।

## निगम का चलो साथ साथ छिंदवाड़ा अभियान

**छिंदवाड़ा।** नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम अहके द्वारा संचालित "चलो साथ - साथ छिंदवाड़ा" जनआंदोलन के अंतर्गत रविवार कार्यक्रम का द्वितीय दिवस सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। प्रत्येक रविवार आयोजित होने वाले इस अभियान के तहत दूसरा रविवार वार्ड क्रमांक 31, फव्वारा चौक में उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ।इस अवसर पर महापौर विक्रम अहके की गरिमामयी उपस्थिति में बड़ी संख्या में शहरवासियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर योगासन, जुम्बा, देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति, नुक्कड़ नाटक एवं श्रमदान जैसी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रम का सफल संचालन स्वच्छता ब्रांड दीपक राज जैन ने किया।

### भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने दी होली पर्व की शुभकामनाएं

**छिंदवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने होली के पावन पर्व पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की है। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार भारतीय संस्कृति की समरसता, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी वैमनस्य भुलाकर प्रेम, विश्वास और एकता के रंग में रंगने का संदेश देता है। श्री यादव ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकात्मता का उत्सव है। यह पर्व समाज के हर वर्ग को जोड़ने और पारस्परिक सद्भाव को सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान करता है।

## नगर वासियों को जल संकट से उबारने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए

# तकनीकी खामी के चलते गहरा रहा जल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



नगर पालिका परासिया के लोगों को गर्मियों के दौरान पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने के लिए परिषद के प्रयास तकनीकी खामी के चलते फेल नजर आ रहे हैं । इसी तकनीकी कमी के चलते अभी से जल संकट गहरा रहा है । जिसको लेकर कांग्रेस भाजपा की परिषद को निशाने पर ले रही है ।

नगर पालिका परासिया के द्वारा न्यूटन पेंच नदी पर करोड़ों की लागत से एनीकट बनाया गया था , जिसमें हुई तकनीकी खामी के चलते एनीकट का उद्देश्य सफल नहीं हो पाया । पानी रोकने के लिए बनाया गया एनीकट पानी रोक नहीं पाया । इसे बनाने में तकनीकी लापरवाही बरती गई जिसके चलते पानी रुकने की बजाय बह गया । अब गर्मी शुरू हो रही है इसके पहले ही नदी में पानी सूख गया है । जिसके चलते अभी जहां परासिया के लोगों को 6 से 7 दिनों में पानी मिल रहा है , आगामी दिनों में यह अंतराल बढ़ना लाजमी है । इसको लेकर परिषद में नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह ने परिषद पर कई आरोप लगाए । वहीं कांग्रेस के लोगों और पार्षदों ने एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा और लगातार सौंपा जा रहा है । नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह का कहना है , कि नगर पालिका में भाजपा की परिषद नगर के लोगों की सुविधाओं को लेकर उदासीन नजर आ रही है ।

गर्मी में लोगों को पर्याप्त पानी मिल सके इसको लेकर कोई विजन परिषद के सामने नहीं है ना ही कोई ऐसे कदम उठाए जा रहे हैं । तसल्ली के लिए खाली कुछ गड्ढे नदी में करवाए गए हैं , जबकि इन गड्ढों को मई - जून में करने की नौबत आती थी , लेकिन परिषद की लापरवाही के चलते और एनीकट निर्माण कंपनी को फायदा पहुंचाने के चलते अभी फरवरी में ही गड्ढे खोदने की नौबत आ पड़ी है । एनीकट डेम नपा को हैंड ओवर नहीं होने के बावजूद इसमें मरम्मत कार्य कराया गया और जिस ठेकेदार ने मरम्मत कार्य किया उसे भुगतान भी किया गया है । नतीजा कुछ भी नहीं निकल रहा है । वजह यह है कि , जिस कंपनी ने एनीकट बनाया उसने गेट गलत लगाए हैं , जिस से पानी रिस रहा है ।

इसी कंपनी को भुगतान करने के चक्कर में अनब्रेकेबल एफ डी तुड़वाई गई थी । जिससे साफ जाहिर है कि भाजपा की परिषद अपने फायदे के लिए जनता के पैसों की फिजूल खर्ची कर रही है । नेता प्रतिपक्ष का कहना है कि नगर वासियों को जल संकट से उबारने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आंदोलन किया जाएगा ।

पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज हिंदू संगठनों के युवाओं ने आज विश्राम गृह पहुंचकर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती से लगाई गुहार

# पांढुर्णा में मॉडलिंग के नाम पर गंदा खेल, शाम 7 बजे के बाद एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



शहर में पिछले दो दिनों से एक समुदाय विशेष के युवक द्वारा बहुसंख्यक समाज की नाबालिग बेटियों को अपने चंगुल में फंसाने की खबरों ने जनमानस को झकझोर कर रख दिया है। कथित तौर पर 'मॉडल' बनाने का हसीन सपना दिखाकर मासूम बच्चियों के आपत्तिजनक फोटो-वीडियो लेने का यह मामला है। पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज हिंदू संगठनों के युवाओं ने आज विश्राम गृह (रेस्ट हाउस) पहुंचकर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती से गुहार लगाई। पूर्व सीएम से शिकायत के बाद आज शाम पुलिस ने नाबालिग आरोपी के विरुद्ध 295 बीएनएस 67(ए) आईटी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया।

## 'हनीट्रैप' जैसा जाल

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी युवक ने शहर की कई नाबालिग लड़कियों को अपनी मीठी बातों में फंसाया। उन्हें ग्लैमर की दुनिया का लालच दिया गया और यह झांसा दिया गया कि 'सिलेक्शन' के लिए मुंबई के ऑफिस में फोटो और वीडियो भेजने होंगे। इसी बहाने आरोपी ने युवतियों के आपत्तिजनक वीडियो और फोटो अपने पास एकत्र कर लिए हैं। हिंदू संगठनों ने दावा किया है कि उन्होंने कुछ पुख्ता सबूत पुलिस को सौंपे हैं, लेकिन अब तक कोई कठोर कार्रवाई नहीं हुई है।

## उमा भारती के तल्ख तेवर, 'सरकार आपकी है, डरो मत'

हिंदू युवाओं की शिकायत सुनने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए। इन्होंने युवाओं से कहा कि "यह सरकार आपके वोटों से बनी है और खुद को हिंदुत्व की पक्षधर बताती है। आप पुलिस को पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध कराएं और कार्रवाई की मांग करें। यदि ठोस सबूत होने के बाद भी खाकी अपना धर्म नहीं निभाती और आरोपियों को बचाती है, तो युवाओं को चुप बैठने की जरूरत नहीं है आंदोलन का रास्ता चुनें।"

## अनेक युवा पहुंचे थाने

इसके बाद रेस्टहाउस के सभी युवा पुलिस थाना पहुंचे। सभी युवाओं ने एसडीओपी ब्रजेश भार्गव और थानाप्रभारी अजय मरकाम से चर्चा की। इसके बाद साक्ष्यों के आधार पर विवेचना की गई और देर शाम आरोपी के खिलाफ मामला कायम कर लिया।

## जुन्नारदेव नगर पालिका द्वारा बाजार क्षेत्र को आधुनिक शौचालय की सौगात



**जुन्नारदेव।** नगरपालिका द्वारा नगर के प्रमुख बाजार क्षेत्र में आधुनिक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है, जिसका कार्य अब अंतिम चरण में है। यह बहुप्रतीक्षित सुविधा शीघ्र ही व्यापारियों एवं आम नागरिकों के लिए समर्पित की जाएगी।नगरपालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे ने स्थल पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता एवं आधुनिक सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह शौचालय बाजार क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है।इस अवसर पर अपील समिति सदस्य स्वच्छता सभापति संजय जैन, सभापति अमित यादव तथा कॉन्ट्रेक्टर अश्विन गोदवानी सहित चिराग बत्रा उपस्थित रहे।निर्माणाधीन शौचालय को आधुनिक एवं आकर्षक स्वरूप दिया जा रहा है। इसमें पूरी तरह ग्रेनाइट फिनिशिंग की जा रही है, जिससे स्वच्छता के साथ-साथ मजबूती भी सुनिश्चित होगी। पुरुषों के लिए सुव्यवस्थित यूरिनल की व्यवस्था की गई है तथा प्रत्येक सीट पर आधुनिक फ्लैश वाल लगाए जा रहे हैं, जिससे साफ-सफाई एवं जल प्रबंधन की उत्कृष्ट व्यवस्था बनी रहेगी।बाजार क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में व्यापारी, ग्राहक एवं बाहर से आने वाले नागरिकों की आवाजाही रहती है। ऐसे में इस आधुनिक शौचालय की सौगात से व्यापारियों को विशेष राहत मिलेगी तथा आमजन को स्वच्छ, सुरक्षित और सम्मानजनक सुविधा उपलब्ध होगी। यह पहल जुन्नारदेव नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय कदम है।

## शासकीय महाविद्यालय में विक्रमोत्सव 2026 उत्साहपूर्वक मनाया



**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में भारतीय संस्कृति, इतिहास एवं महान सम्राट विक्रमादित्य की गौरवशाली परंपरा को स्मरण करते हुए विक्रमोत्सव 2026 का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विक्रमोत्सव भारतीय संस्कृति, ज्ञान एवं परंपराओं के गौरव का प्रतीक है। सम्राट विक्रमादित्य न्यायप्रिय, विद्वान एवं आदर्श शासक थे, जिनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों से भारतीय संस्कृति एवं मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया।कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए प्रश्न मंच (क्विज प्रतियोगिता) का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सम्राट विक्रमादित्य एवं भारतीय इतिहास से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दिए। साथ ही विक्रम-वेताल की प्रेरणादायक कहानियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रदर्शित किया गया, जिससे विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।इस कार्यक्रम का सफल संयोजन डॉ. विनिता धुर्वे एवं डॉ. पुष्पा मौर्य द्वारा किया गया। उनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं प्रभावी रूप से संपन्न हुआ। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों द्वारा भाषण, कविता पाठ एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।

## वन भूमि का पट्टा देने के लिए मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**सौंसर।** वन भूमि पट्टा देने के साथ ही झोपड़ा नष्ट करने वालों पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं सौसर प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई करने की मांग के साथ ही आवेदक खेमचंद बसोड़ के द्वारा न्याय की गुहार लगाई है।सौसर प्रशासन एवं मुख्यमंत्री के नाम सोपे ज्ञापन में आवेदक खेमचंद ने बताया की ग्राम सावगी तहसील सौसर की भूमि पर 55 वर्ष से खेती कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा हूं, मध्य प्रदेश सरकार ने आदेश पारित किया है किस 1980 के पूर्व से वन भूमि पर कब्जा करने वाले भूमि लोगों को जमीन के पट्टे आवंटित करने चाहिए लेकिन मुझे अभी तक कोई वन विभाग की ओर से पता नहीं मिला है, मेरी जमीन पर जानबूझकर वन विभाग के द्वारा पेड़ लगाकर परेशान किया जा रहा है, इस भूमि को लेकर पूर्व में कई बार मेरे परिवार के द्वारा जुर्म ने भी विभाग को पटाए गए हैं, मैं अनुसूचित जाति के अंतर्गत आने के कारण वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा जानबूझकर भेदभाव करते हुए मेरे ही जमीन पर झाड़ लगाने का कार्य किया जा रहा है, मैंने इसके पूर्व भी कई बार वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को वन भूमि का पट्टा देने की मांग की गई है बावजूद इसके मेरे साथ में भेदभाव किया जा रहा है, वर्तमान में इसी भूमि से मैं अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा हूं, प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपे ज्ञापन में न्याय देने की मांग की गई है।

# बानाबाकोड़ा में तेंदुआ का हमला, ग्रामीण घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



क्षेत्र के ग्राम बानाबाकोड़ा में रविवार को सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक तेंदुए ने खेत में काम कर रहे किसान पर हमला कर दिया। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में भय और असुरक्षा का वातावरण बना हुआ है।ग्रामिनो से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह लगभग 11:00 बजे ग्राम बानाबाकोड़ा निवासी विठ्ठल पंढरीनाथ डाहाके अपने खेत में कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक तेंदुए ने उन पर हमला बोल दिया। शेर के नाखूनों के प्रहार से विठ्ठल जी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।उल्लेखनीय है कि लगभग 15 दिन पहले भी इसी क्षेत्र में तेंदुए की आहट सुनी गई थी। दोबारा तेंदुआ का दिखाई देना और सीधे हमला करना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि हिंसक वन्यजीव बानाबाकोड़ा की सरहद और आसपास के शिवार (खेतों) में ही विचरण कर रहा है।ग्रामीणों ने वन विभाग और शासन-प्रशासन से मांग की है कि: प्रभावित क्षेत्र में तत्काल गश्त बढ़ाई जाए।तेंदुआ को पकड़ने या खदेड़ने हेतु पिंजरे और आवश्यक कार्रवाई की जाए।खेतों में काम करने वाले महिला-पुरुषों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामवासियों से अपील की गई है कि खेतों में अकेले जाने से बचें। हमेशा समूह ग्रुप में ही आवागमन करें।शाम ढलने के बाद खेतों की ओर न जाएं। चर्चा के दौरान सौसर वन विभाग सौसर एसडीओ प्रमोद चोपडे ने बताया कि बानाबाकोडा कोल क्षेत्र में तेंदुए की दस्तक की जानकारी प्राप्त हुई है जिसको लेकर कानन एवं सौसर रेंज की टीमों को रवाना किया गया है साथ ही रात्रि में निरंतर ग्रस्त की जाएगी इस क्षेत्र के अंतर्गत निवास करने वाली ग्रामीणों को रात्रि के समय में खेतों में निवास नहीं करने और जानवरों को कोठों में नहीं बढ़ने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। भविष्य में तेंदुए की मूवमेंट को देखकर इस क्षेत्र में कैमरे लगाने को लेकर भी उच्च अधिकारियों से चर्चा की गई है। इधर बानाबाकोड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन से अपेक्षा है कि किसी बड़ी जनहानि होने से पूर्व इस मामले पर त्वरित संज्ञान लिया जाए।

ग्रामीणों की जिंदगी से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं- बीएमओ की चेतावनी, झोलाछाप के खिलाफ एफआईआर की तैयारी

# लांजी में स्वास्थ्य विभाग का बड़ा प्रहार: बीएमओ की सख्ती से बोलेगांव का फर्जी क्लिनिक ध्वस्त



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** तहसील के ग्राम बोलेगांव में वर्षों से चल रहे अवैध क्लिनिक पर आखिरकार स्वास्थ्य विभाग का शिकंजा कस गया। शासकीय सिविल अस्पताल लांजी के बीएमओ अक्षय उपराड़े ने सख्त रुख अपनाते हुए झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की पहल की है। बीएमओ की सक्रियता और दृढ़ता के चलते बिना डिग्री सैकड़ों मरीजों का इलाज कर रहे कथित चिकित्सक का भंडाफोड़ हुआ। बताया गया है कि 1 मार्च 2026 को दोपहर निरीक्षण के दौरान लखनादौन निवासी परमिंदर सिंह को बोलेगांव में कुंवरलाल बापुरे के मकान पर क्लिनिक संचालित करते पाया गया। वह किसी भी प्रकार की मान्यता प्राप्त डिग्री या शासकीय अनुमति प्रस्तुत नहीं कर सका। मौके पर 100 से 150 मरीज उपचार के लिए मौजूद थे।

**बीएमओ की सख्ती: अब नहीं बचेगा कोई झोलाछाप:** जैसे ही मामले की सूचना मिली, बीएमओ अक्षय उपराड़े ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उनके स्पष्ट आदेश थे कि ग्रामीणों की सेहत से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। निरीक्षण टीम ने मौके पर पहुंचकर दवाइयों और उपकरणों की जांच की। बीएमओ ने स्पष्ट कहा कि बिना पंजीयन और डिग्री के इलाज करना कानूनन अपराध है और ऐसे मामलों में सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने थाना स्तर पर एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया भी शुरू करा दी है। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

**दवाइयों का मिला जखीरा, *खुली लापरवाही की परतें:** निरीक्षण के दौरान कथित चिकित्सक के बैग से एलोपैथिक, होम्योपैथिक और आर्युवेदिक दवाइयों का मिश्रित भंडार बरामद हुआ। थायरॉयड केयर सिरप, नेब्रोजोम सिरप, कैडिप्रैग-एम कैप्सल, न्यरोविज कैप्सल, ईएसडीओ-डीएसआर कैप्सल, ब्रेनो-फास्ट सिरप, ओमेप्रा-20, जेक्लोफेन एसपी टैबलेट और रैबिजो-डीएसआर गोल्ड जैसी दवाएं बिना किसी वैध प्रिसक्रिप्शन के रखी मिलीं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि इस प्रकार अलग-अलग पद्धतियों की दवाओं का अनियंत्रित उपयोग मरीजों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। बीएमओ ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए कहा कि यह सीधे-सीधे ग्रामीणों की जिंदगी से खिलवाड़ है।

**मकान मालिक भी रडार पर, प्रशासन का सख्त संदेश:** इस पूरे प्रकरण में जिस मकान में क्लिनिक संचालित हो रहा था, उसकी भूमिका भी जांच के दायरे में आ गई है। बीएमओ ने संकेत दिए हैं कि यदि कोई व्यक्ति अपने परिसर को अवैध चिकित्सा गतिविधियों के लिए उपलब्ध कराता है, तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने साफ संदेश दिया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछाप डॉक्टरों का नेटवर्क अब नहीं चलने दिया जाएगा। बीएमओ की पहल को क्षेत्र में सराहा जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते यह कार्रवाई नहीं होती तो बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता था। बीएमओ ने अंत में कहा, हमारी पहली जिम्मेदारी जनता का स्वास्थ्य है। जो भी इस जिम्मेदारी के साथ खिलवाड़ करेगा, उसके खिलाफ कार्नन का परा डंडा चलेगा। लांजी में हुई इस कार्रवाई ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अब स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह एक्शन मोड में है और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए किसी भी स्तर तक जाने को तैयार है।

तारीख को लेकर भ्रम खत्म, बाजारों में बढ़ी रौनक, बच्चों में खास उत्साह

# 4 मार्च को मनेगी रंगों की होली, 2 मार्च की शाम होगा होलिका दहन



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** रंगों का त्योहार होली भारतीय संस्कृति का एक प्रमुख और आनंदमय पर्व है। यह त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। होली हमें सिखाती है कि मन के सभी द्वेष और मतभेदों को भुलाकर नए सिरे से रिश्तों की शुरुआत की जाए। गांव हो या शहर, हर जगह इस पर्व का इंतजार पूरे साल रहता है। लोग एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं देते हैं, घरों में गुजिया, मालपुआ और अन्य पारंपरिक व्यंजन बनाए जाते हैं, और बच्चे पिचकारियों के साथ रंगों की मस्ती में डूब जाते हैं। इस वर्ष होली की तारीख को लेकर लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। कहीं 3 मार्च को रंग खेलने की चर्चा थी तो कहीं 4 मार्च को सही बताया जा रहा था। अब ज्योतिषीय गणनाओं और पंचांग के आधार पर स्पष्ट हो गया है कि वर्ष 2026 में रंगों की होली 4 मार्च, बुधवार को मनाई जाएगी। इससे पहले 2 मार्च, सोमवार की शाम को होलिका दहन किया जाएगा। होलिका दहन की परंपरा भक्त प्रह्लाद की कथा से जुड़ी है, जो सत्य और आस्था की जीत का प्रतीक है। इस दिन लोग विधि-विधान से पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि और अच्छी फसल की कामना करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से होलिका दहन के बाद परंपरागत गीत और लोकनृत्य भी आयोजित किए जाते हैं। इधर होली को लेकर बाजारों में भी रौनक साफ दिखाई देने लगी है। रंग-बिरंगे गुलाल, हर्बल रंग, पिचकारियां, पानी के गुब्बारे, बताशे और सजावटी सामान से दुकानें सजी हुई हैं। लांजी नगर के सुभाष चौक, बस स्टेंड लांजी और गुजरी चौक सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों के चौक-चौराहों पर अस्थायी दुकानें लग चुकी हैं। बच्चों में रंग और नई पिचकारी खरीदने को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है, वहीं महिलाएं पूजा सामग्री और मिठाई की खरीदारी में जुटी हैं। व्यापारियों का कहना है कि जैसे-जैसे त्योहार नजदीक आएगा, बाजार में भीड़ और बढ़ेगी। प्रशासन ने भी नागरिकों से अपील की है कि होली शांति, सौहार्द

# बच्चा चोरी के शक में दो संदिग्ध व्यक्तियों की सार्वजनिक धुनाई

## बर्तन बेचने वाले फेरी वाले निकले दोनों व्यक्ति



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नगर के वार्ड नंबर 9 अयोध्या बस्ती में एक फेरीवारे व्यापारी को बच्चों को चॉकलेट देना महंगा पड़ गया। बच्चा चोरी के शक में वार्डवासियों ने दोनों ही व्यापारी की जमकर धुनाई कर दी। जैसे जैसे इसकी सूचना लोगों को लगी, वहां पर भीड़ एकत्रित हो गई और जो व्यक्ति वहां आता, लात घुसो से दोनों ही व्यापारी की धुनाई करता। जिसके बाद कुछ नागरिकों द्वारा इसकी सूचना 112 डायल को दी गई। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने वहां लोगों के बयान दर्ज कर दोनों ही संदिग्ध व्यापारी को थाने में लाकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

वार्डवासियों ने बताया कि दो व्यक्तियों द्वारा एक छोटे से बच्चे को चाकलेट दे रहे थे। इसी दौरान बच्चे ने जोर-जोर से चोर-चोर चिल्लाना प्रारंभ कर दिया। बच्चे की चिल्लाहट सुनकर हम लोग वहॉ पहुॅचे और उन्होंने बिना उन व्यक्तियों से कुछ पूछे, उनको पकड़ कर मारना प्रारंभ कर दिया। बच्चों के शोर के बाद घटनास्थल पर मोहल्ले वालों की भीड़ एकति हो गई और सबने उन व्यक्तियों को मारना प्रारंभ कर दिया।

इस बीच किसी व्यक्ति ने 112 डायल को फोन कर दिया। जिस पर तत्काल ही 112 डायल से तत्काल पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुॅचे और मोहल्लेवासियों को उन व्यक्तियों को मारने से रोका। उसके बाद उन पुलिसकर्मियों ने दोनों ही व्यक्तियों से पूछताछ की। तो उन्होंने बताया कि वह बर्तन बेचने का काम करते है। उनमें से एक व्यापारी गोंदिया निवासी गौरव पिता गणेश जमरे और दूसरा उसका साथी उत्तरप्रदेश निवासी अवश्य पिता सिलाम के साथ गली मोहल्ले में आवाज लगाकर बर्तन बेचने का काम करते है।

उन्होंने बताया कि शनिवार की दोपहर वह दोनों वारासिवनी के वार्ड नंबर 9 अयोध्या बस्ती पहुंचे थे और तो उन्हें घर के सामने लगभग 10 वर्षीय बच्चा खड़ा दिखाई दिया, तो वह उसे चॉकलेट दे रहे थे, तभी बच्चे ने शोर मचा दिया और वॉर्ड वासियों ने घेराबंदी कर हम दोनों की पिटाई कर दी। फिलहाल पुलिस ने दोनों व्यक्तियों को पूछताछ के लिए पुलिस थाना ले गए है। जहॉ पर उनसे पूछताछ की जा रही है।

विदित हो कि नगर में विभिन्न सामानों का विक्रय करने वाले कई व्यापारी बाईक व विभिन्न वाहनों से पूरे नगर में घूम रहे है। जिनमें कई व्यापारी नगर के बाहर के विभिन्न शहरों से आए हुए है। लेकिन किसी भी व्यापारी ने अपनी आमद पुलिस थाना वारासिवनी में नही दी है। जिससे उनका कोई अता पता किसी को भी नहीं है। इन घूम घूम कर सामान बेचने वालों की ओर पुलिस का कोई ध्यान नहीं है। जिससे कभी भी कोई बड़ी घटना नगर में घट सकती है। इसीलिए पुलिस अधिकारियों को चाहिए कि वह अतिशीघ्र नगर में घूम घूम कर सामान बेचने वाले फेरीवालों की पूरी कुंडली तैयार करनी चाहिए। वरना ऐसा ही घटना कभी भी घट सकती है।

## इनका कहना है:-

बच्चा चोरी के संदेह में 2 लोगों को लाया गया है। जिनसे पूछताछ जारी है। जिले में बच्चा चोरी का अफवाह चल रही है। जिसके लिए हमने जनता से अनुरोध किया है कि ऐसा कोई संदेह होने पर डायल 112 या पुलिस थाने में फोन कर सूचना देवे। कोई भी नागरिक अपनी ओर से किसी प्रकार की कार्यवाही ना करे।

72 घंटे में वारासिवनी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, कार व गहनों सहित 4.10 लाख का माल बरामद

# अंतरराज्यीय ईरानी गैंग का खुलासा, 2 आरोपी गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नगर के फव्वारा चौक के पास हिमांशु ज्वेलर्स के सामने नगर के वार्ड नम्बर 15 निवासी महिला विद्या ठाकरे को झांसा देकर सोने के गहने उतरवा कर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय ईरानी गैंग का वारासिवनी पुलिस ने 72 घंटे में खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त आई 20 कार, एक जोड़ी सोने के टॉप्स, एक सोने का पेंडल, एक वन प्लस कंपनी का मोबाईल फोन, सोने के गहने सहित लगभग 4.10 लाख रुपये का मशरूका जब्त किया है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी वारासिवनी व थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम ने बालाघाट से नागपुर तक करीब 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की जांच कर लगभग 200 किमी तक आरोपियों का पीछा किया। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ा गया। आरोपियों के खिलाफ पूर्व में शिवाजी नगर जिला विरहान मुंबई सिटी, थाना लक्ष्मीपुरी जिला कोल्हापुर, थाना शांति नगर नागपूर, थाना शाहपुरी जिला कोल्हापुर, थाना सावनेर जिला नागपूर ग्रामीण में लूट, डकैती व चोरी के मामले दर्ज होना भी सामने आया है।

विदित हो कि नगर के वार्ड नम्बर 15 निवासी श्रीमती विद्या ठाकरे के साथ 23 फरवरी की रात लगभग 8 बजे एक अज्ञात महिला व पुरुष ने बातचीत में उलझा कर झांसा दिया और उसके सोने के गहने उतरवा कर सफेद रंग की कार से फरार हो गए थे। रिपोर्ट पर थाना वारासिवनी में धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने नेहरू चौक सहित शहर व हाईवे के कैमरों की फुटेज खंगाली। लगातार ट्रैकिंग करते हुए बालाघाट, कटंगी होते हुए नागपुर तक आरोपियों की लोकेशन चिन्हित की गई और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने ईरानी गैंग के एक पुरुष व एक महिला आरोपी को हिरासत में लिया है। एक आरोपी की पहचान नादिर जैदी पिता तालिब जैदी 55 वर्ष निवासी ग्राम पंचायत के पास कामठी, वर्तमान पता हुडको कॉलोनी जरीपटका नागपुर और उसकी पत्नि जैनब जैदी पति नादिर जैदी के रूप में हुई है। अन्य आरोपी से पूछताछ जारी है। पुलिस ने बताया कि इस तरह की ठगी करने वाले गिरोह सक्रिय रहते हैं, इसलिए अजनबियों की बातों में आकर गहने या कीमती सामान न उतारें और संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें।

इस प्रकरण के खुलासे में थाना प्रभारी पवन यादव उपनिरीक्षक कमलेश यादव सायबर सेल, उपनिरीक्षक नीता मोहारे, सहायक उपनिरीक्षक तरुण सोनेकर, प्रधान आरक्षक शाहिद परवेज, आरक्षक हेमंत बघेल, वसीम खान, आलोक बिसेन थाना रामपायली, शिवदत्त शर्मा, सुजीत कोटांगले, महिला आरक्षक शारदा पटेल एवं आरक्षक प्रदीप पुटटे सायबर सेल का विशेष योगदान रहा।

खबर संक्षेप

## नवनियुक्त भाजपा जिला पदाधिकारी का परिचय एवं सम्मान समारोह का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला भाजपा द्वारा सोमवार 2 मार्च को भाजपा जिला कार्यालय में नवनियुक्त भाजपा जिला पदाधिकारी का परिचय एवं सम्मान समारोह का आयोजन प्रातः 11 बजे किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बेसन, पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह सिंह कुलस्ते, सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन एवं बरघाट विधायक कमल मर्सकोले विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा नगर अध्यक्ष द्वय अभिषेक दुबे एवं युवराजसिंह राहंगडाले ने बताया कि इस कार्यक्रम में सभी नवनियुक्त जिला पदाधिकारी को के साथ ही मोर्चा प्रकोष्ठ एवं मंडलों अध्यक्षों को भी आमंत्रित किया गया है। जिला भाजपा की नवगठित कार्यसमिति के बारे में जानकारी देते हुए भाजपा जिला महामंत्री संतोष अग्रवाल द्वारा बताया गया कि, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन द्वारा गत दिवस भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की अनुमति एवं संभाग प्रभारी सुमेरसिंह सोलंकी तथा जिला प्रभारी अशोक रोहाणी की सहमति से जिला कार्य समिति की घोषणा कर दी गई है। श्रीमती बिसेन द्वारा अपनी जिला कार्यसमिति में एक ओर पार्टी अनुभवी कार्यकर्ताओं को जगह दी गई है वहीं, युवा एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को भी शामिल किया गया है, जिले के सभी क्षेत्रों व सभी वर्ग के कार्यकर्ताओं का समावेश इस कार्यसमिती में किया जा कर संगठन को सशक्त और सर्वस्पर्शी बनाने की दिशा में अग्रसर किया गया है।

## माहवारी स्वछता एवं प्रबंधन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम किया आयोजित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मिशन शक्ति योजना अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग मनोज लारोकर के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसी तारतम्य मे शासकीय उत्कृष्ठ बालिका छात्रावास, भैरोगंज सिवनी वन स्टॉप सेंटर महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वयं सेवी संस्था गूंज के संयुक्त तत्वावधान में माहवारी स्वछता एवं प्रबंधन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
प्रशासक वन स्टॉप सेंटर सुश्री ईशा बाल्मिक द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरी बालिकाओ को मासिक धर्म से संबंधित स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। सर्वप्रथम केस वर्कर वन स्टॉप सेंटर श्रीमति वर्षा बैंस द्वारा वन स्टॉप सेंटर की जानकारी, विभिन्न हेल्पलाइन नंबर्स,प्रदान की जाने वाली सेवाएं प्रदान की। श्रीमति सोनल सक्सेना ने अपने संबोधन में बताया कि मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रक्रिया है इससे विभिन्न प्रकार की भ्रांतियां जुड़ी हुई है जिसे दूर करना आवश्यक है। शासन एवं सामाजिक संस्थाएं मिलकर बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं सम्मान के लिए प्रयासरत हैं।

# नहीं होगी बस ऑपरेटरों की हड़ताल, मुख्यमंत्री ने परिवहन नीति पुनः बनाने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी प्राइवेट बस ऑपरेटर्स संघ के तत्वावधान में स्थानीय कॉफी हाउस हॉल में एक पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। पत्रकार वार्ता में संगठन पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि गत रात्रि में मध्य प्रदेश बस ऑपरेटर्स संघ की बैठक प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ संपन्न हुई, जिसमें परिवहन नीति को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।
बैठक में 24 दिसंबर 2025 को मध्य प्रदेश राजपत्र में प्रकाशित परिवहन नीति संबंधी प्रावधानों पर आपत्ति दर्ज कराई गई। साथ ही 29 जनवरी 2026 को प्रकाशित अधिसूचना एवं परिवहन सचिव, मध्य प्रदेश शासन के साथ हुई चर्चा के बिंदुओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।
संगठन के प्रतिनिधियों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने बस संचालकों के पक्ष को गंभीरता से सुना और परिवहन नीति को पुनः तैयार किए जाने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने यह भी आश्वस्त किया कि आगामी बैठक में परिवहन संचालकों एवं शासन स्तर के अधिकारियों की उपस्थिति में नई नीति के प्रारूप पर सहमति बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री के इस आश्वासन के बाद प्रदेशभर के बस संचालकों ने 2 मार्च से प्रस्तावित हड़ताल को स्थगित करने का निर्णय लिया है। संगठन ने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री, परिवहन विभाग के अधिकारियों, सभी बस संचालकों एवं मीडिया कर्मियों का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा जताई। पत्रकार वार्ता में जिला प्राइवेट बस ऑपरेटर्स संगठन के अध्यक्ष तेज बाली सिंह सहित चंद्रभान सिंह ठाकुर, पुष्पेंद्र सिंह, रमन सिंह सनोदिया, संजय नागपुर, सुभाष गंगवानी, पवन दिवाकर, रज्जू ठाकुर, संदीप बघेल, नरेंद्र ठाकुर एवं अन्य बस संचालक उपस्थित।







# सचिव संघ के पूर्व अध्यक्ष मेघराज टेम्भरे को ग्रामवासियों ने घर पहुंचकर दी बधाई



**सोनखार (प्रदीप तिवारी)।** जनपद पंचायत केवलारी के सबसे वरिष्ठ सचिव एवं सचिव संघ के पूर्व अध्यक्ष मेघराज टेम्भरे लगभग 30 वर्षों की उल्लेखनीय शासकीय सेवा के पश्चात 28-02-2026 को सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था में अपनी ईमानदार, पारदर्शी और कर्तव्यनिष्ठ कार्यशैली से विशेष पहचान बनाई। अपने सेवाकाल के दौरान उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें शासन की ओर से कई बार सम्मानित भी किया गया। साफ छवि और जनहितकारी कार्यों के कारण वे अधिकारियों एवं ग्रामीणों के बीच सदैव लोकप्रिय रहे। सेवानिवृत्ति के अवसर पर जनपद पंचायत केवलारी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित विभाग के अनेक सचिव उनके निवास पर पहुंचकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। वहीं ग्रामवासियों का रात्रि 9 बजे तक उनके घर पर बधाई देने हेतु आना-जाना लगा रहा। सेवानिवृत्ति के बाद श्री टेम्भरे ने अपने ग्राम, परिवार और समाज की सेवा के लिए सक्रिय रहने की बात कही। ग्रामीणों ने उनके उज्ज्वल एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

# बालिकाओं को वैक्सीन लगाकर एचपीवी वैक्सीनेशन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

भारत सरकार स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सर्वाइकल कैंसर को रोकने के लिए चलाए गये वैक्सीनेशन अभियान के परिपेक्ष्य में 28 फरवरी को एचपीवी वैक्सीनेशन की शुरुआत देवीसिंह बघेल जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा भारतीय जनता पार्टी सिवनी के मुख्य आतिथ्य एवं सचिन अवधिया, रमाशंकर महोबिया अशोक वंदेवार, पवन यादव, रफीक खान, रामनरेश दुबे के विशिष्ट आतिथ्य व डा. ए. के.लाकरा खंड चिकित्सा अधिकारी सिविल हॉस्पिटल की अध्यक्षता में शुरू किया गया।
यह अभियान सिर्फ एक टीकाकरण कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने की मजबूत पहल है।
भारत में हर साल हजारों महिलाये सर्वाइकल कैंसर से प्रभावित होती हैं। इस बीमारी का मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस है, जो अक्सर बिना लक्षण के शरीर में प्रवेश कर जाता है. अच्छी बात यह है कि अब इस वायरस से बचाव संभव होगा।मुफ्त टीकाकरण के जरिए सुरक्षा कवच रहेगा।वल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन की 2022 की सिफारिशों के अनुसार, एचपीव्ही वैक्सीनका सबसे ज्यादा लाभ तब मिलता है जब इसे वायरस के संपर्क से पहले लगाया जाए। 14 साल की उम्र में शरीर की इम्यूनिटी मजबूत प्रतिक्रिया देती है, जिससे लंबे समय तक सुरक्षा मिलती है,इसीलिए 14 बर्ष ओर 15 बर्ष के मध्य की उम्र को चयनित किया गया । कार्यक्रम मे डा. अंकुर उपाध्याय , डा.जी. लाकरा, डा. सुजाता गेडाम, योगेश भंडाले बीपीएम, रमनलाल ठाकुर बीईई, मंतोष नरेती बीसीएम ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइज, अमित तिवारी डाटा एंट्री ऑपरेटर, दीप माला श्रीवास्तव संग्रणक, अमिता सिंह प्रधान अध्यापक प्राथमिक विद्यालय सांदीपनि विद्यालय,इसरत बानो अंसारी सी.एच.ओ. उप स्वा. केन्द्र बंदेली, कु. किरण पटेल ए.एन.एम, श्रीमति सपना ठाकुर,सतीश मरावी ,श्रीमति गंगा बाई कुशराम एएनएम सहित आशा कार्यकर्ताओं एवं सुपरवाइजर उपास्तिथ थी।



# स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है-कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी द रॉयल इकोल स्कूल एवं डॉ. यू.सी. मालू वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में शहर में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भव्य मैराथन, स्वच्छता अभियान और सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कर्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियो, अभिभावको और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिय। मुख्य अतिथि एवं विद्यालय प्रबंधन द्वारा हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना किया गया। प्रतिभागियों ने स्वच्छता ही सेवा है और स्वस्थ भारत-स्वच्छ भारत जैसे नारों के साथ नगर में दौड़ लगाकर स्वच्छता का संदेश दिये।
मैराथन के पश्चात विद्यार्थियों और शिक्षकों ने स्वच्छता अभियान चलाकर आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता पर आधारित नाटक, समूह नृत्य और गीतों ने सभी का मन मोह लिया।
मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती शीतल पटले ने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता केवल प्रशसन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। सभी के सामूहिक प्रयास से ही नगर को स्वच्छ और आदर्श बनाया जा सकता है।
विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए नागरिकों से वृक्षारोपण करने और उसकी देखभाल करने की अपील की। मैराथन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बालक वर्ग में यशवंत जंघेल ने प्रथम, संदेश बिसेन ने द्वितीय और शिवराज चंद्रवंशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किय। वहीं बालिका वर्ग में आकांक्षा टेकाम प्रथम, तेजेश्वरी टेकाम द्वितीय और रमा उइके तृतीय स्थान पर रहीं। विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मनित किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन एवं प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए स्वच्छता को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संदेश दिया। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में सानाजिक जागरूकता, आत्मविश्वास और स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत किया।



# शिवम ने शतरंज प्रतियोगिता में नागपुर में लहराया परचम, बेस्ट यंग स्टूडेंट अवॉर्ड से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



नागपुर में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में सिवनी जिले के महाराजबाग, भैरोगंज निवासी एवं कुर्वेज स्कूल, नागपुर में कक्षा 8वीं में अध्ययनरत दृष्टिबाधित छात्र शिवम ठाकुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।शिवम ने सामान्य विद्यार्थियों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए अपनी अद्भुत एकाग्रता, धैर्य और रणनीतिक क्षमता का परिचय दिया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें बेस्ट यंग स्टूडेंट अवॉर्ड, बोर्ड पुरस्कार एवं प्रोत्साहन राशि सहित अन्य सम्मानों से नवाजा गया।शिवम, सहकारिता विभाग में मैनेजर पद पर कार्यरत जोगेश ठाकुर के पुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय और पूरा सिवनी जिला गौरवान्वित है।शिवम की सफलता के पीछे कुर्वेज स्कूल की शिक्षिका मैडम विधा घोटेकर का विशेष मार्गदर्शन रहा। उनके निरंतर प्रोत्साहन और समर्पित प्रशिक्षण से शिवम की प्रतिभा और निखरी।शिवम ने यह सिद्ध कर दिया कि दृढ़ संकल्प और सही मार्गदर्शन के साथ कोई भी बाधा सफलता की राह में रुकावट नहीं बन सकती।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का हुआ आयोजन

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विज्ञान के मॉडल बनाए, प्रश्नमंच प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और विद्वान वक्ताओं के व्याख्यान के माध्यम से विज्ञान के महत्व को समझा । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. एमसी सनोडिया और एडवोकेट मंगला शेन्डे ने माँ सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
अपने संबोधन में डॉ. एमसी सनोडिया ने कहा कि भारत की अपनी सुदृढ़ ज्ञान परंपरा रही है, जिसमें विज्ञान का महत्व रहा है. भारतवर्ष को विश्व गुरु कहा जाता था. कहा कि 2047 तक हम पुनः ज्ञान विज्ञान के क्षेत्र में सबसे आगे रहेंगे. बतौर मुख्य वक्ता एडवोकेट मंगला शेन्डे ने बताया कि मशहूर वैज्ञानिक डॉ. सीवी रमन के 'रमन प्रभाव की खोज की स्मृति में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है. एडवोकेट शेन्डे ने बड़े ही सरल शब्दों में 'रमन प्रभाव' को समझाते हुए विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति रुचि जगाने के लिए प्रेरित किया.
कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग ने कहा कि विज्ञान एक वरदान है, लेकिन इसका दुरुपयोग होने पर यह अभिशाप भी बन सकता है। उन्होंने बताया कि भारतीय ज्ञान परंपरा में विज्ञान हमेशा उपस्थित रहा है।
कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रोफेसर सत्येन्द्र शेन्डे ने कहा कि धर्म, विज्ञान, साहित्य यानि ज्ञान और संस्कृति समाज और राष्ट्र के नियामक तत्व हैं. कहा कि वैज्ञानिक चेतना जागृत रखना और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना भारत के प्रत्येक नागरिक का मूल कर्तव्य है.

# देर रात उत्पाद मचा रही तेज साइलेंसर वाली एक और बुलेट पर कोतवाली पुलिस ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा तेज व मॉडीवाई सायलेंसर वाहनों पर आपत्ति जाहिर की जा रही है जो थाना कोतवाली द्वारा पूर्व में कई बुलेट एवं मोटर साइकिल जिनमें तेज आवाज एवं मॉडीफाईड सायलेंसर के विरूद्ध अभियान छेड़ा गया था जो इसी क्रम में पूर्व के मुताबिक लगातार कार्यवाही करते हुए एक और बुलेट मोटर साइकिल को शहर में तेज आवाज में सायलेंसर का उपयोग करते वाहन चलाते पाया गया। दिनांक 26/02/2026 को कोतवाली पुलिस द्वारा छोटी मस्जिद चौक पर पेट्रोलिंग के दौरान 01 बुलैट वाहन जिसका नम्बर एपी 12 एन 7091 था जिसमें तेज आवज सायलेंसर लगा था चलाते पाये जाने पर बुलेट वाहन थाना लाकर खड़ा किया गया एवं बुलेट चालक के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 198,119/190(2), 51/177 मो. व्ही. एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए कुल 2500/- रूपये का समन शुल्क वसुल कर चालक को आवश्यक हिदायत दी गई। निरीक्षक सतीश तिवारी, आर. विनय सेंगर, संतोष साहू एवं राजेन्द्र राजपूत की सराहनीय योगदान रहा।



### इधर, धनौरा पुलिस द्वारा हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया

पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय सिवनी एवं एसडीओपी घंसौर के निर्देशन में थाना धनौरा पुलिस द्वारा हत्या के प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया। दिनांक 26.02.2026 को प्रार्थिया तारा बाई ने रिपोर्ट में बताई कि दिनांक 25.02.2026 की रात लगभग 21.30 बजे उसका पति धरम सिंह घर आया और अपने पिता भावसिंह से विवाद करने लगा। इसी दौरान आरोपी भावसिंह ने आंगन में जल रही आंगिठी से लकडी उठाकर धरम सिंह के सिर में मार दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आई और उपचार दौरान उसकी मृत्यु हो गई। रिपोर्ट पर थाना धनौरा में अपराध क्रमांक 37/2026 धारा 103 (1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को दिनांक 27.02.2026 को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। गिरफ्तार आरोपी - भावसिंह पिता स्व. मंगल सिंह कुसरे, उम्र 50 वर्ष, निवासी ग्राम बारूबंद चौकी सुनवारा थाना धनौरा जिला सिवनी (म.प्र.) विशेष भूमिका - थाना प्रभारी मनीष बंसोड़, चौकी प्रभारी सुनवारा उनि कोमेन्द्र कुमार गौतम, आर.केशु सरयाम, आर.सतेन्द्र प्रजापति, चालक आर. मंजीत यादव ।

## मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल को शासनाधीन लेने की डां. बिसेन ने की मांग

# 99 साल की लीज़ खत्म, फिर भी जारी संचालन पर पूर्व सांसद ने उठाया सवाल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी शहर में अंग्रेज़ी शासन काल से ईसाई मिशनरी संस्था द्वारा संचालित मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल के संचालन को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। विद्यालय की 99 वर्ष की लीज़ अवधि समाप्त हो जाने के बावजूद उसका संचालन यथावत जारी है, जबकि संस्था को मध्यप्रदेश शासन से अनुदान (ग्रांट) भी प्रदान किया जा रहा है।
इस पूरे मामले को लेकर पूर्व सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक पत्र प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह को उनके सिवनी प्रवास के दौरान सौपा है ।
पूर्व सांसद डॉ. बिसेन ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल की लीज़ अवधि समाप्त होने के बाद भी न तो शासन द्वारा इसे अपने अधीन लिया गया और न ही किसी वैकल्पिक पंजीकृत संस्था को संचालन का अधिकार दिया गया। इसके बावजूद विद्यालय को शासकीय अनुदान मिलना नीतिगत विसंगति को दर्शाता है।
पत्र में यह भी उल्लेख है कि पूर्व में शहरवासियों की मांग पर विद्यालय को शासनाधीन लेने हेतु उनके द्वारा पूर्व में पत्राचार किया गया था, किंतु अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। इससे आम नागरिकों में असंतोष और भ्रम की स्थिति बनी हुई है। पूर्व सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि लीज़ समाप्त हो चुकी संस्था को या तो शासन द्वारा संचालित किया जाए, अथवा किसी अन्य पंजीकृत संस्था को विधिवत संचालन अधिकार दिए जाएं। उन्होंने इसे शिक्षा व्यवस्था, प्रशासनिक पारदर्शिता और नियमों के पालन से जुड़ा गंभीर विषय बताया है।

**अनुदान नीति पर प्रश्नचिंह**

शिक्षा से जुड़े जानकारों का मानना है कि यदि समय रहते इस मामले में निर्णय नहीं लिया गया तो इससे न केवल शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता प्रभावित होगी, बल्कि शासन की अनुदान नीति पर भी प्रश्नचिह्न लग सकता है।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय मे मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन प्राचार्य प्रो. श्रीमती कल्पना इंग्ले के संरक्षण एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रभारी डॉ. ओम प्रकाश सरवैया तथा करियर प्रभारी प्रो. लक्ष्मी मेश्राम के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ ही प्राचार्य के उद्बोधन से हुआ, जिसमें प्राचार्य ने छात्राओं को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस जो कि भारत के महान वैज्ञानिक सी.वी रमन के रमन प्रभाव की खोज की स्मृति में मनाया जाता है,एवं विज्ञान के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां को सम्मानित करने और वैज्ञानिक सोच एवं युवाओं को विज्ञान में रुचि लेने और वैज्ञानिक अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है।
इसी कड़ी में आगे आज के कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. शाइस्ता कुरैशी (सहायक प्राध्यापक, वनस्पति शास्त्र) प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस नई छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि 2026 विज्ञान दिवस की थीम विज्ञान में महिलाएं: विकसित भारत को गति देने वाली शक्ति अर्थात यह थीम विज्ञान और नवाचार में महिलाओं की भूमिका को बढ़ावा देने और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान को मान्यता देने पर केंद्रित है। क्योंकि महिला वैज्ञानिकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रही है। मेरी क्यूरी ,कल्पना चावला जैसी महिला वैज्ञानिकों ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कई नवाचार किए एवं अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। आज महिलाओं को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए कई संस्थाएं और संगठन काम कर रहे हैं। ताकि उन्हें शिक्षण और प्रशिक्षण प्रदान प्रदान किया जा सके। इसके साथ ही प्रो.पंकज शेडें ने छात्राओं को बताया कि विज्ञान की शुरुआत सुबह उठते ही हो जाती है,यह हमारे जीवन को नियंत्रित करता है। विज्ञान की शक्तियां हमारे जीवन को आसान और बेहतर बनाती हैं। हमें विज्ञान के नियमों को समझना चाहिए और इसका उपयोग अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए करना चाहिए।
इस कार्यक्रम में आगे छात्राओं द्वारा विज्ञान मॉडल, पोस्टर की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम में प्रो. नरेंद्र भीमटे , प्रो.अलका उईके प्रो हर्षा वघेल, डॉ. अनीता भट्ट डॉ. डिंपल डहेरिया, डॉ सुषमा तिवारी, डॉ अर्पणा अवस्थी, डॉ समिता शर्मा,डॉ रशीद खान सुश्री आयशा सिद्दीका की उपस्थिति रही। एवं छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया ।

## जारी रहेगा बच्चों का आगमन

# बस संचालकों की हड़ताल समाप्त





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में बस संचालकों ने 2 मार्च से प्रस्तावित अपनी हड़ताल वापस लेने का निर्णय लिया है। बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन ने नई परिवहन नीति के विरोध में हड़ताल की घोषणा की थी, लेकिन सरकार के आश्वासन के बाद अब यह फैसला टाल दिया गया है।

बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मुकेश चौहान ने बताया कि प्रदेश संगठन की मुख्यमंत्री के साथ बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री ने विवादित राजपत्र को फिलहाल होल्ड करने का आश्वासन दिया है। इसके बाद प्रदेश संगठन के निर्देश पर 2 मार्च से शुरू होने वाली हड़ताल समाप्त कर दी गई।

बस संचालक सरकार की 'सुगम परिवहन नीति' का विरोध कर रहे थे। उनका कहना था कि यह नीति निजी बस ऑपरेटरों के हित में नहीं है। संचालकों ने इसे दमनकारी बताते हुए चेतावनी दी थी कि यदि नीति वापस नहीं ली गई तो 2 मार्च की सुबह से अनिश्चितकाल के लिए बसों का संचालन बंद कर दिया जाएगा। होली के त्योहार से ठीक पहले हड़ताल की घोषणा से यात्रियों में चिंता बढ़ गई थी। बड़ी संख्या में लोगों की यात्रा प्रभावित होने की आशंका थी। हालांकि अब हड़ताल वापस होने से जिले में बसों का संचालन पहले की तरह जारी रहेगा। यात्रियों को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा और वे बिना रुकावट अपनी यात्रा कर सकेंगे।

## नगरपालिका परिषद बालाघाट ने जारी किए दिशा-निर्देश

# होलिका दहन के लिए पंजीयन अनिवार्य, गौकाष्ठ के उपयोग की अपील

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय भोपाल एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी बालाघाट के निर्देश के परिपालन में नगरपालिका परिषद बालाघाट द्वारा आम नागरिकों एवं समस्त होलिका दहन समितियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

नगरपालिका परिषद बालाघाट ने अपील की है कि जिले/क्षेत्र में आयोजित होने वाले सभी सार्वजनिक होलिका दहन कार्यक्रमों का अनिवार्य रूप से निःशुल्क पंजीयन कराया जाए।

सार्वजनिक सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए होलिका दहन में लकड़ी के स्थान पर गौकाष्ठ एवं उपलों (कंडों) का उपयोग करने की सलाह दी गई है। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया है कि होलिका दहन बीच सड़क पर न किया जाए तथा दहन स्थल का चयन करते समय विशेष सावधानी बरती जाए।

होलिका दहन के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि होलिका मध्यप्रदेश विद्युत मंडल के तारों या अन्य सार्वजनिक विद्युत वायरों के नीचे अथवा उनके मध्य में न जलाई जाए। इसके अतिरिक्त भंडारण स्थलों, दुकानों एवं आवासीय मकानों के समीप भी होलिका दहन न करने की अपील की गई है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री बी डी कतरोलिया ने बताया कि नगरपालिका परिषद द्वारा जारी सार्वजनिक सुरक्षा के उद्देश्य से यह अपील जारी की गई है, जिससे होली का पर्व स्वच्छ, सुरक्षित एवं उत्साहपूर्वक मनाया जा सके।

## "विज्ञान दिवस–प्रतिभा सम्मान समारोह" का आयोजन

**बालाघाट।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर सान्दीपनि विद्यालय, बालाघाट में दिनांक 1 मार्च 2026, रविवार को प्रातः 10:00 बजे से "विज्ञान दिवस–प्रतिभा सम्मान समारोह" का भव्य आयोजन किया जाएगा। सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य डा युवराज रहांगडाले ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत विज्ञान प्रदर्शनी, साइंस सर्किल JCAT एवं SCAT 2025–26 परीक्षा के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन होगा। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप 10 रैंक प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही संस्था प्रमुखों एवं शाला प्रभारियों का सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री अभिषेक सराफ, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री अश्विनी कुमार उपाध्याय, जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा की जाएगी।

# अधिक किराया वसूलने पर नंदन ट्रेवल्स की दो बसें जप्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देश पर आज 01 मार्च को जिला परिवहन अधिकारी अनिमेष गढ़पाल के नेतृत्व में परिवहन एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सख्त कार्रवाई की गई।

त्योहारों के दौरान यात्रियों से निर्धारित दर से अधिक किराया वसूलने की शिकायतों के मद्देनजर टीम ने इंदौर एवं भोपाल से बालाघाट पहुंची बसों की जांच की। जांच के दौरान यात्रियों ने बस संचालकों द्वारा अधिक किराया वसूलने के साक्ष्य प्रस्तुत किए। शिकायतों की पुष्टि होने पर नंदन ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 22पी 5101 एवं एमपी 22पी 4101 को जप्त कर थाने में खड़ा कराया गया।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के समय यात्रियों की मजबूरी का लाभ उठाकर अधिक किराया वसूलने वाले बस संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही यात्रियों से अपील की गई है कि यदि किसी बस संचालक द्वारा निर्धारित दर से अधिक किराया लिया जाता है तो इसकी शिकायत परिवहन विभाग अथवा जिला प्रशासन को अवश्य करें। जिला




प्रशासन ने कहा है कि आमजन की सुविधा एवं सुरक्षा सर्वोपरि है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# प्रियदर्शिनी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस के द्वारा होली मिलन समारोह का हुआ भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

प्रियदर्शनी इंस्टीट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस बालाघाट ने 28 फरवरी को कमला नेहरू महिला मंडल, बालाघाट में "होली मिलन समारोह" का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम में संस्था के चेयरमैन विक्रांत वर्मा, संचालक श्रीमती दुर्गा वर्मा, ब्रांच हेड पायल वड़ाईकर एवं प्राचार्य डॉ. शिवरतन पवार सहित समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।होली मिलन समारोह के दौरान रंग-गुलाल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं आपसी सौहार्द के साथ होली पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गीत, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को आकर्षक एवं आनंदमय बना दिया।संस्था प्रबंधन ने सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए आपसी भाईचारे, प्रेम एवं एकता का संदेश दिया।कार्यक्रम का समापन मिठाई वितरण एवं सामूहिक शुभकामनाओं के साथ हुआ।

# किसान गर्जना संगठन वारासिवनी ब्लॉक के अध्यक्ष बने नंदकिशोर पंचेश्वर



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** किसान गर्जना संगठन की जिला ईकाई के द्वारा वारासिवनी ब्लॉक की कार्यकारिणी का गठन शनिवार को किया गया। वारासिवनी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम बुदबुदा नदीटोला के कृषक नंदकिशोर पंचेश्वर को किसान गर्जना संगठन वारासिवनी ब्लॉक ईकाई का अध्यक्ष बनाया गया। यह जानकारी किसान गर्जना संगठन के जिलाध्यक्ष रामकुमार नागपुरे के द्वारा दि गई। जिलाध्यक्ष रामकुमार नागपुरे के द्वारा बताया की किसान गर्जना संगठन को मजबूत और व्यापक बनाना है ताकि कृषको के हित में काम मजबूती से किया जा सके । इस अवसर पर उमेंद्र जमरे, जयराम मानेश्वर, धनराज मानेश्वर, कुवन कावरे, रूपेश मानेश्वर, राजेन्द्र मातरे, खिलेश पंचशेवर,साधुराम बाहेशवर, कैलाश मानेश्वर, सुनिल मानेश्वर सहित अन्य मौजूद रहे और खुशी जाहिर की ।

## बुजुर्ग महिला की सांप के डसने से मौत

**बालाघाट।** बालाघाट के खैरलांजी थाना अंतर्गत फुटारा गांव में एक बुजुर्ग महिला की सांप के डसने से मौत हो गई। केशरबाई राहंगडाले (6) को कंडे के ढेर में छिपे एक जहरीले सांप ने डस लिया था। इलाज के दौरान जिला अस्पताल में आज रविवार को उनकी मौत हो गई।यह घटना शनिवार को हुई, जब केशरबाई अपने घर की बाड़ी में रखे कंडे के ढेर से कंडे निकाल रही थीं। इसी दौरान छिपे हुए सांप ने उनके हाथ में डस लिया। परिजनों ने उन्हें तुरंत समीपस्थ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरमाली पहुंचाया। डोंगरमाली में प्राथमिक इलाज के बाद भी उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ, जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। देर रात जिला अस्पताल में इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। रविवार को अस्पताल चौकी पुलिस ने महिला का शव बरामद किया और परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा कार्यवाही की। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया और परिजनों को सौंप दिया गया। अस्पताल चौकी के प्रधान आरक्षक सूर्यकांत मरकाम ने बताया कि खैरलांजी पुलिस मामले की अग्रिम जांच करेगी।

## होली के मद्देनजर वारासिवनी में डेयरियों व मिष्ठान दुकानों पर खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

होली त्यौहार के दृष्टिगत कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा मिलावटी खाद्य पदार्थों, विशेषकर दूध एवं दूध से निर्मित मिठाइयों पर अंकुश लगाने हेतु निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 28 फरवरी को वारासिवनी क्षेत्र की विभिन्न डेयरियों एवं मिष्ठान प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण कर सैंपलिंग की गई।

कार्यवाही के दौरान प्रतीक डेयरी, जैन डेयरी एवं मिष्ठान, सुलाखे डेयरी एवं मिष्ठान, मां वैशाली राजपुरोहित स्वीट्स, नवीन बेकरी एवं डेयरी तथा आदिनाथ स्वीट्स से कुल 10 नमूने जांच हेतु लिए गए। इन नमूनों में पनीर, दही, खोवा, मलाई पेड़ा, कलाकंद, बादाम बर्फी, घी, कंडेंस्ड मिल्क, इन्फेंट मिल्क एवं लस्सी शामिल हैं। सभी नमूनों को परीक्षण के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान संचालकों को त्यौहार के दौरान गुणवत्तायुक्त, स्वच्छ एवं हाइजीनिक परिस्थितियों में मिठाइयों एवं अन्य खाद्य सामग्री के विक्रय के निर्देश दिए गए। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेश डोंगरे एवं वाजिद मोहिब उपस्थित रहे। प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे केवल प्रमाणित एवं स्वच्छ प्रतिष्ठानों से ही खाद्य सामग्री क्रय करें।

## बालाघाट में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन

**बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस अंतर्गत शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन वर्चुअल कक्ष में दोपहर 1:00 बजे किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती पूजन-वंदना के साथ हुआ। इसके उपरांत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व पर अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता डॉ. नवाब कुरैशी, विभागाध्यक्ष भौतिक शास्त्र विभाग ने महान वैज्ञानिक सी. वी. रमन द्वारा प्रतिपादित रमन प्रभाव की विस्तृत व्याख्या की। साथ ही भारतीय ज्ञान परंपरा के संदर्भ में कणाद, सत्येंद्र नाथ बोस, होमी जहांगीर भाभा, सुब्रह्मण्यन चंद्रशेखर, विक्रम साराभाई एवं ए. पी. जे. अब्दुल कलाम जैसे महान भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात डॉ. भूपेन्द्र ब्रम्हे, विभागाध्यक्ष वनस्पति शास्त्र ने भारतीय आयुर्वेद में वर्णित औषधीय पौधों के गुण, विशेषताएं एवं स्वास्थ्य उपयोगिता पर विद्यार्थियों को जानकारी दी।

## राग़ी का डोसा, मिलेट के व्यंजन, देशी शहद एवं जैविक उत्पाद आकर्षण का केंद्र बने

# प्राकृतिक गुलाल व स्थानीय उत्पादों से आत्मनिर्भरता की पहल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

होली पर्व के अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत बालाघाट में दो दिवसीय "आजीविका होली मेला–2026" का शुभारंभ हुआ। 28 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक आयोजित यह मेला जिला प्रशासन, जिला पंचायत एवं आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

मेले का शुभारंभ सदस्य मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग श्रीमती मौसम बिसेन, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुनीता बहेटवार, सरपंच श्रीमती पुष्पा नागेश्वर एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक (एनआरएलएम) सुश्री श्वेता महतो सहित आजीविका मिशन की दीदियों की उपस्थिति में हुआ।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरस्वर एवं समाजसेवी अनूप सिंह बैंस ने मेले में स्टॉलों का अवलोकन कर स्व-सहायता समूह की दीदियों का उत्साहवर्धन किया। श्री सरस्वर ने कहा कि स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना आवश्यक है और दीदियों के प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं। श्रीमती सुनीता बहेटवार ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं सशक्त होकर नेतृत्व की भूमिका निभा रही हैं।

इस अवसर पर श्रीमती मौसम बिसेन ने कहा कि होली के पावन पर्व पर स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और "आत्मनिर्भर भारत" की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से यह मेला आयोजित किया गया है। उन्होंने एनआरएलएम की दीदियों द्वारा तैयार प्राकृतिक गुलाल एवं अन्य उत्पादों की सराहना करते हुए नागरिकों से स्थानीय उत्पाद खरीदकर आत्मनिर्भरता अभियान में सहयोग करने की अपील की।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री श्वेता महतो ने बताया कि मेले में खाद्य सामग्री, फूड स्टॉल, कोदो-कुटकी व रागी जैसे मिलेट से बने व्यंजन, पारंपरिक मिठाइयाँ, हस्तनिर्मित खाद्य सामग्री, जैविक उत्पाद एवं अन्य ग्रामीण उत्पाद आकर्षण का केंद्र हैं। "प्रकृति के



संग, आत्मनिर्भरता के रंग" थीम पर आधारित यह आयोजन प्राकृतिक रंगों के उपयोग और "वोकल फॉर लोकल" की भावना को बढ़ावा देता है।

मेले में स्व-सहायता समूहों की दीदियों द्वारा तैयार प्राकृतिक गुलाल एवं विभिन्न स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय किया जा रहा है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना तथा उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना है।

जिला प्रशासन बालाघाट ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुंचकर ग्रामीण महिलाओं का उत्साहवर्धन करें एवं स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दें। अंबेडकर चौक स्थित तुरकर भवन, बालाघाट में आयोजित यह मेला प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात्रि 9 बजे तक आमजन के लिए खुला रहेगा।

# लेखक सुखराम आसटकर ने सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में उठाए गए मुद्दे

हरिभूमि न्यूज लांजी।

सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया गया है। याचिकाकर्ता लेखक सुखराम आसटकर ने अपनी याचिका में चुनाव आयोग, सरकार और शिक्षा व्यवस्था पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

चुनाव आयोग पर आरोपः याचिकाकर्ता ने चुनाव आयोग पर गड़बड़ी के आरोप लगाते हुए लोकसभा और विधानसभा चुनावों को रद्द करने की मांग की है।नोटबंदी और बजटः याचिकाकर्ता ने नोटबंदी और बजट के मुद्दे पर जांच की मांग की है।शिक्षा व्यवस्थाः याचिकाकर्ता ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग की है, विशेष रूप से कक्षा 10 और



12 के छात्रों के लिए।बेरोजगारीः याचिकाकर्ता ने बेरोजगारी के मुद्दे पर ध्यान देने की मांग की है।शासकीय सेवकों के वेतन और भत्तेः याचिकाकर्ता ने शासकीय सेवकों के वेतन और भत्तों के भुगतान की मांग की है।

चुनाव आयोग द्वारा कथित गड़बड़ी के कारण लोकसभा और विधानसभा चुनावों को रद्द करना,नोटबंदी और बजट के मुद्दे पर जांच करना,शिक्षा व्यवस्था में सुधार करनाबेरोजगारी के मुद्दे पर ध्यान देनाशासकीय सेवकों के वेतन और भत्तों का भुगतान करना।

लेखक और शासकीय सेवक सुखराम आसटकर ने मध्य प्रदेश सरकार से वेतन पुनरीक्षण नियम 2009 के तहत अपने बकाया वेतन और अन्य भत्तों का भुगतान करने की मांग की है। आसटकर ने अपने बैंक खाते की जानकारी देते हुए शासन से 74,000 रुपये से 10,000 रुपये तक के वेतनमान की राशि, 10% ब्याज सहित, और 15 लाख रुपये का यात्रा भत्ता देने की मांग की है।इसके अलावा, उन्होंने 1991-92 से 2025-26 तक की पुस्तक की रॉयल्टी राशि, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश सरकार से 10-10 करोड़ रुपये, और 30 किलोग्राम फाइल की राशि 1 करोड़ रुपये का भुगतान करने की मांग की है। आसटकर ने सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग प्रकरण कम करने की भी मांग की है।

## बालाघाट में अंतर्विभागीय समन्वय से होगा प्रभावी क्रियान्वयन

# दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के बाद अब "क्षीर धारा ग्राम योजना"

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**मध्यप्रदेश को दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने एवं किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से "दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान" के दो चरणों की सफलता के बाद अब पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा प्रदेशभर में "क्षीर धारा संपर्क अभियान" संचालित किया जा रहा है।**

बालाघाट जिले में कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में "क्षीर धारा ग्राम योजना" के प्रथम चरण के अंतर्गत चयनित 119 ग्रामों में पशुपालकों के घर-घर पहुंचकर विभागीय अमले द्वारा आधारभूत सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। सर्वेक्षण के उपरांत चयनित ग्रामों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, वन विभाग, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग तथा पशुपालन विभाग के संयुक्त समन्वय से विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर चरणबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

योजना के प्रभावी संचालन हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता में "जिला स्तरीय क्षीर धारा ग्राम अंतर्विभागीय संयुक्त समन्वय समिति" का गठन किया गया है। समिति द्वारा प्रत्येक माह योजना की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. राजेश्वर सिंह नगपुरे ने बताया कि प्रथम चरण में चयनित ग्रामों को 30 जून 2026 तक "क्षीर धारा ग्राम" घोषित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना के तहत इन ग्रामों को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां उन्नत नस्ल के डेयरी पशुओं के संवर्धन से दुग्ध उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित की जाएगी।

इसके साथ ही निकृष्ट सांडों का बधियाकरण, हरे चारे की उपलब्धता एवं क्षमता विकास, गोबर एवं अपशिष्ट प्रबंधन तथा आवारा पशुओं को गौशालाओं में विस्थापित करने जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी किए जाएंगे। यह अभियान न केवल दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए पशुपालकों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि का मार्ग भी प्रशस्त करेगा।

## दुधारा में आज विकास कार्यो के लिए भूमिपूजन समारोह

**खैरलांजी।** जनपद पंचायत खैरलांजी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत दुधारा में आज 2 मार्च सोमवार को विकास कार्यो के लिए भूमिपूजन समारोह आयोजित किया जाएगा।यह जानकारी ग्राम पंचायत सरपंच एंव जनपद सरपंच संघ अध्यक्ष पुष्पेद्र देशमुख के द्वारा दि गई। उन्होंनो बताया की भूमिपूजन समारोह में आतिथ्य के रूप बालाघाट सिवनी की सासंद श्रीमती भारती पारधी एंव कटंगी खैरलांजी विधायक गौरव सिंह पारधी प्रमुख रूप शामिल होकर अपने हस्ते विकास कार्यो का भूमिपूजन करेंगे। इस दौरान ग्रामवासी सहित अन्य अतिथीगण मौजूद रहेंगे।